कर्मचारी राज्य बीमा निगम, जालंधर ने एलपीयू में जागरूकता कैंप लगाया

सवेरा न्यूज

जालंधर, 7 नवंबर : उप-क्षेत्रीय कार्यालय, कर्मचारी राज्य बीमा निगम, जालंधर ने 7 नवंबर को लवली प्रोफैशनल यूनिवर्सिटी में एक जागरूकता व आधार सीडिंग शिविर का आयोजन किया। शिविर में दीपक कुमार, सहायक निदेशक द्वारा बीमित व्यक्तियों को ईएसआईसी के सभी हितलाभों के साथ-साथ नवीनतम योजनाएं जैसे कि आई.पी. पोर्टल से बीमारी हितलाभ, विस्तृत बीमारी हितलाभ, अस्थायी अपंगता तथा मातृत्व हितलाभ ऑनलाइन दावा प्रस्तुत करने हेतु इत्यादि के बारे में विस्तारपूर्वक से बताया गया। बीमाकृत व्यक्तियों की समस्याओं का मौके पर ही निपटान किया गया। उनके साथ निगम के राजिन्दर कुमार, शाखा प्रबधक व शाम सुंदर शाखा प्रबधक ने भी बीमाकृत व्यक्तियों को संबोधित किया तथा आधार सीडिंग के लिए प्रेरित किया। इस सुविधा समारोह में नवदीप सिंह थिण्ड, सहायक निदेशक, लवली प्रोफैशनल यूनिवर्सिटी व दीपेश द्वारा कर्मचारी राज्य बीमा निगम के इस प्रयास को सराहा गया। यूनिवर्सिटी के सहायक निदेशक नवदीप सिंह थिण्ड ने निगम के इस प्रयास की काफी प्रशंसा की तथा स्कीम को विश्व की सबसे बेहतर स्कीम कहा। उन्होंने कर्मचारी राज्य बीमा निगम के अधिकारियों का धन्यवाद करते हुए ऐसे आयोजनों को निरंतर करने का आग्रह भी किया।